# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्तव्य भवन को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसे जन–जन की सेवा के प्रति अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक बताया।
- अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय ने ब्रह्माकुमारीज के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।
- अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आठ अगस्त से शुरू होगा।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति जागरुक करने के लिए श्री विजयपुरम में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्तव्य भवन को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसे जन–जन की सेवा के प्रति अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन न केवल नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है, बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। कर्तव्य भवन एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसे गढ़ने वाले हमारे श्रमयोगियों की अथक मेहनत और संकल्प–शक्ति का आज देश साक्षी बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस भवन के निर्माण में पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कर्तव्य भवन के प्रांगण में एक पौधा भी लगाया।

<><><><><><>

अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय ने ब्रह्माकुमारीज के साथ पाँच अगस्त को धन्नीखाड़ी स्थित सोनिया नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन तकनीक आधारित स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण करना था। ब्रह्माकुमारीज़ की बहन

शर्मिष्ठा ने मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बताया कि यह एक सतत् प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का ध्यान रखना शामिल है। बहन शर्मिष्ठा द्वारा राजयोग और ध्यान पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन मोनालिसा बिस्वास ने किया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिक विभाग की नोडल अधिकारी रीता देवी के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने गणेश पूजा के लिए दिशा निदेश जारी किए है। सभी गणेश पूजा समितियों द्वारा सुरक्षित, पर्यावरण–अनुकूल और शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने के लिए सख्त अनुपालन हेतु दिशा निर्देश जारी किए है। पूजा समितियों को सलाह दी गई है कि वे विसर्जन के दौरान पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए इको फ्रैंडली मूर्तियां ही विसर्जित करें जिनमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया गया हो। बिजली विभाग पंडालों का निरीक्षण करने के बाद  और अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करेगा। विद्युत विभाग, पुलिस, अग्निशमन विभाग और क्षेत्रीय कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट एस.डी.एम या सहायक आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी। आयोजकों को दो हजार सोलह की सार्वजनिक सूचना के अनुसार केन्द्रीय प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड के "मूर्ति विसर्जन संबंधी दिशा निर्देशों" का कड़ाई से पालन करना होगा।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आठ अगस्त से शुरू हो जाएगा। इस दौरान, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से कृमि से मुक्ति दिलाने वाली गोली एल्बेंडाजोल दी जाएगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल खिलाने वाले अवश्य भेजें। साथ ही आम जनता से अनुरोध है कि वे ए.एन.एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को अपना सहयोग दें। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के समन्वय से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार करना है।

<><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति जागरुक करने के लिए श्री विजयपुरम में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच ए.बी.डी.एम की परियोजना प्रबंधन

इकाई ने राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छात्राओं और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़ी ए.एन.एम और आशा कार्यकर्ताओं के लिए इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी देना था।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार जीप चालक कल्याण संघ ने ओगराब्रज में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि ओगराब्राज पुलिस स्टेशन के थानाध्यक्ष एन.एस.स्टालिन ने वाहन चालकों को संबोधित किया और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों और व्यक्तियों व समाज पर इसके दुष्प्रभाव पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने यातायात सुरक्षा के महत्व और सुरक्षित सड़क वातावरण सुनिश्चित करने में चालकों की भूमिका पर भी ज़ोर दिया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक का समापन ए.एन.जे.डी.डब्ल्यू के अध्यक्ष सी. मोहम्मद आरिफ ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करने के साथ किया।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पिछले दिनों तेरेस्सा द्वीप के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए "तेरेस्सा बकरी के दूध के मूल्य संवर्धन" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य महिला कारीगरों को सशक्त बनाना और स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करके स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना है। तेरेस्सा जनजाति परिषद के अध्यक्ष एवं सचिव की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सबिता वती, डॉ. बलजीत कौर और डॉ. मिथुन ने ए.एच एंड वी.एस कर्मचारियों के सहयोग से किया। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की बारह महिलाओं को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में चुना गया, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाले बकरी के दूध से साबुन बनाने की आवश्यक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। "प्रशिक्षक को प्रशिक्षित करें" का उद्देश्य अधिक महिलाओं को आय के स्त्रोत उपलब्ध कराना था।

<><><><><><>

बी.एड में प्रवेश के लिए प्रक्रिया कल से शुरू होगी। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए द्विवर्षीय बी.एड. में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। बी.एड. पांडिचेरी विश्वविद्यालय से संबद्ध और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एक द्विवर्षीय डिग्री प्रोग्राम है। विभिन्न विषयों के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र हैं। बी.एड. डिग्री प्रोग्राम का ई–प्रॉस्पेक्टस वेबसाइट कॉलेज एडमिशन डॉट अंडमान डॉट गॉव डॉट इन पर ऑनलाइन उपलब्ध है। इस डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवार तेईस अगस्त तक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक और बालिका, बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता दक्षिण अंडमान के मिनी बे स्थित इंडोर बास्केट बॉल कोर्ट में सम्पन्न हुई। इस खेल प्रतियोगिता में लड़कों के फाइनल मैच में हरियाणा स्टीलर्स टीम ने वॉरियर्स टीम को हराया वहीं लड़कियों के फाइनल में सी–टीम ने बी–टीम को एक कड़े मुकाबले में मात दी। इस अवसर पर क्षेत्र के युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। बास्केट बॉल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेताओं को ट्रॉफी और पदक से सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बास्केटबॉल को बढ़ावा देना और नवोदित एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

**<><><><><><><>**